हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 17 जनवरी 2026

04 आरोन में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य...



07 पालकी यात्रा के बाद विजय मुहूर्त में चढ़ाई सूर्य-चंद्र व 34 यंत्रों वाली ध्वजा





## प्राचार्य शेष बचे समय का सदुपयोग कर बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराएं : संयुक्त संचालक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शासकीय उत्कृष्ट उमावि गुना में संयुक्त संचालक शिक्षा अरविंद सिंह की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सिंह ने जिले के प्राचार्य को निर्देशित कर कहा कि जो समय शेष बचा है उसमें सभी प्राचार्य बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाएं। जिससे जिले का परीक्षा परिणाम पूर्व वर्ष की भांति रहे। आज शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना में आयोजित की गई। जिसमें संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ग्वालियर से अरविन्द सिंह ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। विभाग द्वारा आयोजित अर्द्धवार्षिक परीक्षा में न्यूनतम परीक्षा परिणाम वाले 20 विद्यालयों के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। जो प्राचार्य बैठक में अनुपस्थित थे उन्हें भी कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सांदीपनि विद्यालय के भवन निर्माण,छात्रवृत्ति वितरण,मिशन वन क्लिक में फेल्ड खाते का अपडेशन, अपार आईडी, पीएम श्री विद्यालयों में व्यय की स्थिति, परीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके शिक्षकों के प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन, लंबित पेंशन प्रकरण एवं न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। संयुक्त संचालक श्री सिंह ने सांदीपनि विद्यालय गुना के नवीन निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया एवं निर्माण की स्थिति की जानकारी ली । साथ ही विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से भी चर्चा की। बैठक में सहायक संचालक ग्वालियर अशोक पंवार ने भी प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने प्राचार्यों से परीक्षा परिणाम पर ध्यान देने एवं योजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। समीक्षा बैठक में सुश्री प्रेरणा गुप्ता सहायक संचालक एवं स्थापना प्रभारी, जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।



### सीएमओ ने ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया

**गुना ।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री द्वारा शुक्रवार को ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया गया। विगत दिनों निरीक्षण के दौरान ट्रांसफर स्टेशन पर अत्यधिक कचरा पाया गया था, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तत्काल ट्रांसफर स्टेशन पर एकत्रित कचरे के ढेर को हटाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजने के निर्देश दिए थे। ट्रांसफर स्टेशन पर एकत्रित करने की पूरी तरह सफाई कराई जा चुकी है, जिसका निरीक्षण मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य अमले को सख्त निर्देश दिए की ट्रांसफर स्टेशन से प्रतिदिन कचरा पूरी तरह साफ होना चाहिए अन्यथा संबंधित कर्मचारी एवं एजेंसी पर जुर्मना लगाया जाएगा।



## समाचार संक्षेप

### कांग्रेस का जिला स्तरीय एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आज

**गुना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस पार्टी द्वारा 17 जनवरी को जिला स्तर पर एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम सुबह 11 बजे से बापू पार्क, सदर बाजार आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कानूनी अधिकारों के संरक्षण, पानी की गुणवत्ता से जुड़ी गंभीर समस्याओं, तथा भाजपा सरकार में व्याप्त अव्यवस्था और भ्रष्टाचार के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि हाल ही में इंदौर में जहरीले पानी से 24 लोगों की मौत की हृदयविदारक घटना ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और जल प्रबंधन की पोल खोल दी है। इसी घटना सहित जनहित से जुड़े कई गंभीर मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएगी।यह उपवास कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी, गुना के अध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देशानुसार आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के विधायकगण, वरिष्ठ पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### नेशनल मीडिया फाउंडेशन व पत्रकार संघ ने किया कलश यात्रा का स्वागत



**आरोन।** नगर में श्री राधा माधव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित 19वीं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा श्री दास हनुमान मंदिर से वेद मंत्रोच्चारण एवं ढोल-नगाड़ों की मंगल ध्वनि के साथ प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री राम मैरिज गार्डन कथा स्थल पहुँची।कथा स्थल पर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण एवं व्यास पीठ का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। कथा प्रवक्ता पं. श्री रामदयाल शास्त्री जी महाराज ने भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इसके श्रवण मात्र से जीव को मुक्ति प्राप्त होती है तथा यह कलियुग में भवसागर से पार लगाने का श्रेष्ठ साधन है।कलश यात्रा के दौरान नेशनल मीडिया फाउंडेशन एवं स्थानीय पत्रकार संघ द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जगवीर सिंह परमार, पत्रकार संघ अध्यक्ष राकेश कुमार जैन, पत्रकार श्याम टंडेल, सुनील पाठक, निलेश जैन, मिथुन शर्मा एवं ब्लॉक अध्यक्ष राजा मुग़ल उपस्थित रहे।श्री राधा माधव सेवा समिति ने अधिक से अधिक संख्या में भागवत कथा में सहभागिता करने की अपील की।

### पशिचम बंगाल से भटके मानसिक युवक को समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने दिलाया सहारा

**गुना।** जिले से लगभग 60 किलोमीटर दूर निहालदेवी के जंगलों में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक के भटकने की सूचना स्थानीय निवासी गजराज धाकड़ ने समाजसेवी प्रमोद भार्गव को दी। सूचना मिलते ही प्रमोद भार्गव ने युवक से गुना बातचीत की।पूछताछ के दौरान युवक ने स्वयं को पश्चिम बंगाल का निवासी बताया। और घर से भटक गया कुछ मालूम नहीं कहा आ गया,दोबारा बातचीत में वह केवल इतना ही स्पष्ट कर सका कि वह दक्षिण 24 परगना जिले से है। मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण युवक अपने बारे में अधिक जानकारी नहीं दे पाया।युवक की हालत को देखते हुए समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने उसे शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम शिवपुरी में भर्ती कराया, जहाँ उसकी समुचित देखरेख और इलाज किया जाएगा। प्रमोद भार्गव ने बताया कि युवक के परिजनों की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं और जैसे ही परिवार का पता चलेगा, उसे सुरक्षित रूप से उसके घर भेज दिया जाएगा। तब तक युवक की पूरी जिम्मेदारी अपना घर आश्रम द्वारा निभाई जाएगी।गौरतलब है कि प्रमोद भार्गव लगातार गुना एवं आसपास के जिलों में निराश्रित, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों की सहायता एवं पुनर्वास के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



### नगर में 18 जनवरी को होने वाला हिंदू सम्मेलन को लेकर लोगों में उत्साह



**राघौगढ़ ।** नगर के आईटीआई मैदान में 18 जनवरी को होने जा रहे हिंदू सम्मेलन को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है व्यापक पैमाने पर की जा रही तैयारी के मध्य नजर नगर के सभी वार्डों में घर-घर पीले चावल दिए जा रहे हैं इसी कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को बाइक रैली नगर के प्रमुख मार्ग से निकलकर हिंदू एकता के लिए अलख जगई गई सकल हिंदू समाज ने आह्वान किया है कि 18 जनवरी रविवार को इस दिन अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म लाभ लें।

### खानापूर्ति बनता जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान, सवालों के घेरे में नगर पालिका

# हाट रोड से हटाए गए ठेले फिर वहीं आ जमे,ऑटो वाले भी काबिज







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा हाट रोड स्थित रपटा क्षेत्र में एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सड़क किनारे वर्षों से जमे अतिक्रमणकारियों की गुमटियां और हाथ ठेले हटवाए गए तथा उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पुरानी गल्ला मंडी परिसर में अपने ठेले लगाने के निर्देश दिए गए।इस कार्रवाई के दौरान प्रभारी सीएमओ मंजूषा खत्री के नेतृत्व में नगर पालिका का अमला मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों द्वारा पहले तो अतिक्रमणकारियों से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की गई, लेकिन कुछ स्थानों पर विरोध या अनदेखी के बाद सख्ती बरतते हुए जबरन कार्रवाई भी की गई। कुछ समय के लिए क्षेत्र में यातायात सुचारु हुआ और सड़कें खुली नजर आईं।लेकिन सवाल यह है कि क्या यह अभियान स्थायी समाधान दे पाएगा? शहरवासियों का कहना है कि नगर पालिका की यह मुहिम हर बार की तरह केवल एक-दो दिन की औपचारिकता बनकर रह जाती है। अभियान समाप्त होते ही वही ठेले और गुमटियां फिर से उसी स्थान पर दिखाई देने लगती हैं, बल्कि कई बार पहले से ज्यादा जगह घेरकर बैठ जाती हैं।

इससे साफ जाहिर होता है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में निरंतरता और इच्छाशक्ति का अभाव है।सबसे गंभीर आरोप यह हैं कि सूत्रों के अनुसार नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों द्वारा इन अतिक्रमणकारियों से नियमित वसूली की जाती है। ऐसे में जब ऊपर से दबाव आता है तो अचानक कार्रवाई कर दी जाती है और उसका खामियाजा गरीब ठेला-व्यवसायियों को भुगतना पड़ता है। वे न तो स्थायी रूप से कहीं और बसाए जाते हैं और न ही उन्हें कोई ठोस वैकल्पिक व्यवस्था दी जाती है।

नतीजतन, नगर पालिका की नीयत और कार्रवाई की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं। यदि वास्तव में शहर को अतिक्रमण मुक्त और यातायात को सुचारु बनाना है तो केवल दिखावटी अभियान नहीं, बल्कि ठोस नीति, नियमित निगरानी और ईमानदार अमल की जरूरत है। वरना अब तक की तरह यह अतिक्रमण हटाओ मुहिम भी औंधे मुंह धराशाई होती रहेगी और आम जनता केवल तमाशबीन बनी रहेगी और समस्या निवारण के नाम पर वही ढाक के तीन पात।

### सात ट्रॉली अवैध ठेले, गुमटी जब्त, 2 कर्मचारियों की वेतन काटा, 1000 रुपए के चालान बनाए

**गुना ।** शुक्रवार को तड़के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा बृहद रूप से अतिक्रमण विरोधी कार्रवाही की गई । प्रातः कालीन स्वच्छता के निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सफाई योद्धाओं की उपस्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी पर उपस्थित नहीं पाए गए 02 महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की एक दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए गए है, तथा सदर बाजार, निचला बाजार एवं हाट रोड पर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाही की गई। कार्रवाही के दौरान हाट रोड पर अनावश्यक रूप जगह घेरकर हाथ ठेला एवं गुमटियों को हटाकर 07 ट्राली सामान हटवाया गया ।इस दौरान हाट रोड रपटे पर लगी एक मीट की गुमटी को भी तुरंत हटाया एवं भविष्य में अतिक्रमण करने पर नागरिकों को शख्त हिदायत दी गई है कि अतिक्रमण की पुनरावृत्ति होती है तो इसका खामियाजा एवं नुकसान आपको भुगतना पड़ेगा। गुमटी भी नष्ट कर दी जाएगी तथा जुर्माना भी किया जाएगा।

## नगर पालिका ने 825 किलो अमानक पॉलिथीन जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शुक्रवार की सांय नगर पालिका परिषद की प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री, स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार, सेनेट्री इंस्पेक्टर विवेक श्रीवास्तव एवं स्टाफ द्वारा 850 किलो अमानत पॉलिथीन जप्त की तथा विक्रेता के विरुद्ध 11000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। निरीक्षण के दौरान नानाखेड़ी क्षेत्र में अमानत पॉलिथीन पाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार एवं सेनेट्री इंस्पेक्टर विवेक श्रीवास्तव द्वारा जांच की गई जांच सही पाए जाने पर उन्होंने प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री को सूचना दी। सीएमओ खत्री ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर 850 किलो अमानत पॉलिथीन जप्त की तथा विक्रेता पर 11000 रुपये का जुर्माना किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने शहर के सभी विक्रेता एवं क्रेताओं से अमानत पॉलिथीन क्रय - विक्रय न करने की अपील की है, इससे पर्यावरण को हानि होती है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि आप सभी बायोडिग्रेडेबल थैलों का उपयोग करें जो पर्यावरण को हानि नहीं पहुंचाती एवं इससे जानवरों को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता।







## वसूली शिविर वार्ड क्रमांक 5 व 6 के बीच वसूली शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद द्वारा शुक्रवार को नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं कर वसूली के उद्देश्य से समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान संपत्ति कर, जलकर सहित अन्य करों की वसूली भी की गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता तथा वार्ड पार्षद अनिता महेन्द्र कुशवाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में पहुंचे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समस्याओं का तत्काल एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा "संकल्प से समाधान अभियान" संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नागरिक अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुना ने किया जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र द्वारा जिला जेल गुना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा बंदी बैरकों का निरीक्षण करते हुए बंदियों से चर्चा कर उनके प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, अपील, मुलाकात संबंधी जानकारी एवं विधिक सहायता के संबंध में जानकारी ली गई। इसके साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जिला जेल में बंदियों को उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन, पीने के पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, बंदियों के परिजनों से मुलाकात एवं बंदियों के प्रकरणों मे अपील संबंधी जानकारी भी ली जाकर जेल अधीक्षक जिला जेल को अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया।

### एसबीआई ने 5.28 करोड़ रुपए के ऋण का किया वितरण, 2 दिन में भी हुआ लोन स्वीकृत

# कलेक्टर ने किसानों को सौंपे पॉलीहाउस गुलाब खेती के ऋण चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विगत दिवस भारतीय स्टेट बैंक, गुना द्वारा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में पॉलीहाउस गुलाब की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु ऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर गुना द्वारा किसानों को ऋण स्वीकृति के चेक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर किसानों को कुल 5 करोड़ 28 लाख रुपये के ऋण चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में उप संचालक उद्यान, जिला गुना के.पी.एस. किरार, एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक अमित रघुवंशी, एसबीआई मुख्य शाखा गुना के प्रबंधक अभिषेक सक्सेना एवं क्षेत्राधिकारी संजय भिलवार उपस्थित रहे। ऋण वितरण के अंतर्गत किसान विश्वनाथ सिंह रघुवंशी एवं हिरदेश अग्रवाल को 2-2 एकड़ पॉलीहाउस हेतु 96-96 लाख रुपये, अनिल तिलवे, अमरलाल नायक, ओमप्रकाश रघुवंशी, आशीष कुमार जैन, प्रशांत मिश्रा, आशा बाई राठौर एवं श्रीदेवी तोमर को 1-1 एकड़ हेतु 48-48 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए।विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि किसान अमरलाल नायक का ऋण मात्र दो दिन में स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि "पॉलीहाउस जैसी आधुनिक तकनीकें किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। बैंक एवं उद्यानिकी विभाग के समन्वय से गुना जिले में उन्नत कृषि को नई गति मिल रही है।"उप संचालक उद्यान के.पी.एस. किरार ने जानकारी दी कि संचालनालय उद्यानिकी, भोपाल द्वारा गुना एवं आरोन विकासखंड के चयनित ग्रामों में 20 एकड़ का पॉलीहाउस गुलाब क्लस्टर स्वीकृत किया गया है। इसमें गोपालपुरा, पुरैनी, विनायकखेड़ी, पाटई, खुटियावद, बजरंगगढ़, हिलगना, पिपरिया, तिन्सयाई, हरीपुर, चौरोल, मावन, हिनोतिया, जमरा एवं गुना नगर पालिका क्षेत्र शामिल हैं। इन ग्रामों में इच्छुक किसान कार्यालय उप संचालक उद्यान, सर्किट हाउस के सामने, कलेक्ट्रेट रोड, गुना में संपर्क कर सकते हैं।



**समाचार संक्षेप**

## संकल्प से समाधान शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित सकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं से हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने हेतु दिनांक 12 जनवरी से 31 मार्च तक ग्राम पंचायतों में संकल्प से समाधान शिविरों का आयोजन कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार किया जा रहा है जिसमें शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय सीमा में पहुंचाने हेतु भारत सरकार और राज शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रदाय करने हेतु ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर के तहत आज जनपद पंचायत चांचौड़ा की ग्राम पंचायत कनकनहेरू में आयोजित शिविर में एसडीएम रवि मालवीय , जनपद सीईओ संजीतश्रीवास्तव ,बीपीओ कदम सिंह मीना ,बीसी नंदराम अहिरवार, सरपंच निरंजन सिंह सचिव एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। शिविर उपस्थित अधिकारियों द्वारा शासन के विशेष अभियान के तहत विभिन्न विभागों की 106 योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु ग्रामीणों से अपील की गई एवं सचिव को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को अभियान की जानकारी देकर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्राप्त कर उनका लाभ दिलाने हेतु निर्देश दिए गए।



## चाचौड़ा–बीनागंज में पॉलिथीन पर चालानी कार्रवाई, 12,900 रुपए का जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार दिनांक 16 जनवरी 2026 को अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओम त्र्यंबकेश्वर शर्मा के नेतृत्व में नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज द्वारा पॉलिथीन के उपयोग के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।कार्यवाही के दौरान दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन जप्त की गई तथा दुकानदारों को भविष्य में पॉलिथीन का उपयोग न करने की सख्त समझाइश दी गई। साथ ही बस स्टैंड क्षेत्र में टीन शेड लगाकर किए गए अवैध निर्माण को हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।इस अभियान में कुल 12,900 रुपये की चालानी राशि वसूल की गई। नगर परिषद द्वारा दुकानदारों को पर्यावरण हितैषी बायोडिग्रेडेबल थैलियां निःशुल्क वितरित की गईं।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की चालानी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की गई है कि पॉलिथीन का उपयोग न करें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग।

# आरोन में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ, प्रथम दिवस निकली ऐतिहासिक कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

आरोन नगर में श्री राधा माधव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित 19वीं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ किया गया। कथा के प्रथम दिवस नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया।कलश यात्रा का शुभारंभ श्री दास हनुमान मंदिर से वेद मंत्रों एवं ढोल-नगाड़ों की मंगल ध्वनि के साथ हुआ। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं के सिर पर कलश, हाथों में ध्वज-पताकाएँ तथा आगे-आगे वेदपाठी ब्राह्मणों की टोली शोभायमान रही। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल श्री राम मैरिज गार्डन पहुँची।कथा स्थल पर पहुंचकर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वेद मंत्रोच्चारण के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण एवं व्यास पीठ का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात कथा प्रवक्ता पं. श्री रामदयाल शास्त्री जी महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया।कथा के दौरान उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण भगवान श्रीकृष्ण का प्रत्यक्ष स्वरूप है। इसके श्रवण मात्र से जीव को मुक्ति प्राप्त होती है। इस पावन आयोजन का सफल संचालन श्री राधा माधव सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का लाभ प्राप्त करें।



## रामपुर में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित, 15 ग्रामों के हिंदुओं ने लिया संगठित रहने का संकल्प

**आरोन।** रामपुर मंडल के आरोन क्षेत्र में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के 15 ग्रामों से हजारों की संख्या में सनातनी भाई-बहनों ने सहभागिता की। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, संगठन और राष्ट्रधर्म के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अधिकारी, विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख एवं वैदिक विद्वान पं. तुलसीदास दुबे रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचार "गर्व से कहो हम हिंदू हैं" को उद्धत करते हुए कहा कि सनातन हिंदू धर्म "सर्वे भवन्तु सुखिनः" की भावना पर आधारित है, किंतु वर्तमान समय में समाज को अपनी उदारता के साथ-साथ अपनी शक्ति को भी पहचानने की आवश्यकता है।सम्मेलन का शुभारंभ प्रातः 11 बजे भव्य कलश यात्रा एवं भक्तिमय भजन-कीर्तन के साथ हुआ। इसके पश्चात तुलसी पूजन, गौ पूजन तथा सभी जातियों की कन्याओं का पूजन किया गया। संपूर्ण वातावरण "जय श्रीराम", "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। उपस्थित जनसमूह ने भारत माता की भव्य महाआरती भी की।मंच पर महंत अंशुल जी शास्त्री एवं खंड संघचालक भगवान लाल शर्मा जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन संजीव दुबे ने किया तथा अतिथियों का स्वागत पारंपरिक विधि से किया गया। सम्मेलन का समापन समरसता सहभोज के साथ हुआ।



## वार्ड क्रमांक 1 स्थित इंदिरा कॉलोनी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

कुंभराज तहसील के वार्ड क्रमांक 1 स्थित इंदिरा कॉलोनी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का एसडीएम रवि मालवीय ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंजीकृत 30 बच्चों में से 20 बच्चे उपस्थित पाए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को निर्देशित किया गया कि सभी बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें।निरीक्षण के समय बच्चों से कविता पाठन एवं गिनती करवाई गई, जिससे उनकी मानसिक एवं शैक्षणिक क्षमता का आकलन किया गया। बच्चों के स्वास्थ्य एवं आहार संबंधी जानकारी भी ली गई। इस दौरान एक बच्ची कुपोषित पाई गई, जिसे एनआरसी (NRC) भेजने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में रखी एक्सपायरी डेट की दवाइयों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए।किराए के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को लेकर तहसीलदार से चर्चा कर नवीन शासकीय भूमि चयन कर शासन को नए आंगनबाड़ी भवन का प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनी। निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ, खंड शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।इसके पश्चात शासकीय विद्यालय इंदिरा कॉलोनी, तहसील कुंभराज का भी निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से विषय संबंधी चर्चा की गई। कक्षा तीसरी एवं चौथी के विद्यार्थियों को स्वयं का परिचय देने संबंधी ज्ञान कराया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षकगण उपस्थित पाए गए।विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना की जानकारी ली गई, जो व्यवस्थित पाई गई। साथ ही विद्यालय प्रांगण में आयोजित "संकल्प से समाधान अभियान" का भी अवलोकन किया गया।



## कुंभराज तहसील के शासकीय माध्यमिक विद्यालय गोलयांहेड़ा का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

कुंभराज तहसील अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय गोलयांहेड़ा का एसडीएम रवि मालवीय ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों से विषय-संबंधित चर्चा की गई। कक्षा तीसरी एवं चौथी के बच्चों को स्वयं का परिचय देने एवं अभिव्यक्ति कौशल से संबंधित जानकारी दी गई। विद्यालय परिसर में स्थित शौचालयों की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया, जिसमें शौचालय के गेट टूटे हुए पाए गए। संबंधितों को शीघ्र सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में स्थित जर्जर पुराने स्कूल भवन एवं पंचायत भवन को ध्वस्त किए जाने संबंधी कार्यवाही के आदेश भी दिए गए।निरीक्षण के समय विद्यालय के हेड मास्टर अनुपस्थित पाए गए, जिस पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए गए। वहीं मध्यान्ह भोजन योजना की जानकारी ली गई, जो व्यवस्थित एवं संतोषजनक पाई गई।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शैक्षणिक गुणवत्ता, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।



# नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष शिविरों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जन-समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु चलाए जा रहे 'संकल्प से समाधान' अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं के आवेदन दिए,नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 3 में आयोजित शिविर में सुबह से ही नागरिकों का आना शुरू हो गया था। शिविर में मुख्य रूप से पेयजल, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड, और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता पर लिया गया। शिविर नोडल विशाल बाबू शर्मा, शिविर प्रभारी सत्येंद्र सोनी, नजूल शाखा से सिटी मिशन मैनेजर जयंती मल्लिक ,आगन बाड़ी कार्यकर्ता,पटवारी एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया निरीक्षण

**राघोगढ़।** शुक्रवार को नगर पालिका क्षेत्र में मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 22 ,23 एवं 24 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया एवं जलप्रदाय का भी निरीक्षण किया। जहां लीकेज मिले उन्हें ठीक करने के निर्देश संबंधित कंपनी को दिए एवं सफाई के प्रति भी सभी सफाई मित्रों को सफाई के प्रति जागरूक रहने के निर्देश दिए,इस अवसर पर सीएमओ तेज सिंह यादव, उपयंत्री शिव कुमार रघुवंशी ,एवं जल प्रदाय अमला उपस्थित रहा।



### अनुपयोगी पोल को नगर के मुख्य मार्ग से हटाया

**राघोगढ़ ।** नगर पालिका राघौगढ़ विजयपुर क्षेत्र अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी अमित सोनी के निर्देशानुसार तहसीलदार अनुराग जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव के मार्गदर्शन में नगर में भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) के अनुपयोगी पोल को नगर के मुख्य मार्ग से हटाया गया जो यातायात व्यवस्था में बाधित थे। आम लोगों द्वारा इस संबंध में कई दिनों से मांग की जा रही थी।जिस पर कार्यवाही करते हुए नगर के मुख्य मार्ग से पोल को हटवाया गया।



# विश्व प्रसिद्ध कलाकार विल स्मिथ अभिनीत प्रेरक फिल्म 'खुशी की खोज' का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं आतंरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ट के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध कलाकार विल स्मिथ अभिनीत प्रेरक फिल्म "खुशी की खोज" का प्रदर्शन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमशीलता, नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. योग्यता भार्गव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने विचारों को मूर्त रूप देने एवं उद्यमिता की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता की शुरुआत एक छोटे विचार और साहसिक प्रयास से होती है तथा विद्यार्थी अपने नवाचारों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक विशाल नरवरिया, डॉ. दीक्षा भट्ट, कुमारी हिमांशी गंगवार सहित प्रकोष्ठ सदस्य जय प्रकाश ओझा, प्रमोद पंवार,गायत्री नामदेव, गंगीता शर्मा एवं जितेन्द्र ओझा उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थियों ने फिल्म का अवलोकन किया। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को संघर्ष, परिश्रम, आत्मविश्वास तथा लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प के महत्व से अवगत कराया गया। उपस्थित प्राध्यापकों एवं प्रकोष्ठ सदस्यों ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं करियर निर्माण की दिशा में अत्यंत उपयोगी बताया।



## पारसौल की शासकीय उचित मूल्य दुकान को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**अशोकनगर।** आदित्य सिंह कलेक्टर जिला अशोकनगर द्वारा सेवा सहकारी रामिति पारसौल द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान पारसौल दुकान कोड 4602017 का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान का माह जनवरी 2026 में वितरण मात्र 216 प्रतिशत है एवं माह जनवरी 2026 में केवल 01 दिवस ही दुकान खोली गई है। माह जनवरी 2026 के खाद्यान्न का उठाव 30 दिसम्बर 2025 को हो चुका है। माह के 15 दिवस बीत जाने पर भी वितरण कार्य ने करने एवं जाच दौरान दुकान पर अनियमितताएं पाये जाने के आधार पर कलेक्टर के निर्देशानुसार त्रिलोचन गौड अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में अन्य आदेश होने तक कालीमाता स्व सहायता समूह भैलवासा द्वारा संचालित शा.उ.मू. दुकान मैंलवासा दुकान कोड 4602066 से संलग्न किया गया।

### बमनाई शा.उ.मू. दुकान निलंबित

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी द्वारा गणेश स्व सहायता समूह ग्राम बमनाई द्वारा संचालित शा.उ.मू. दुकान धमना 4601127 पर दुकान संचालन में अनियमितताऐं किये जाने के कारण निलंबित कर अम्बेडकर स्व सहायता समूह ग्राम खैजरा खुर्द द्वारा संचालित शा.उ.मू. दुकान खैजरा खुर्द 4601122 में संलग्न किया गया है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी के अवसर पर हिंदू सम्मेलन कदवाया मंडल में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी के अवसर पर हिंदू सम्मेलन कदवाया मंडल में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद प्रांत अर्चक मंदिर संपर्क प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में हिंदू समाज की विषमताओं को दूर करने के लिए पंच परिवर्तन का समाज मे आह्वावान कर रहा है स्वयं में परिवर्तन होगा तब समाज में परिवर्तन होगा। हमारा भौतिक शरीर भी पांच तत्वों से बना है और हमारे पूर्वज जहां पांच लोग बैठकर जो निर्णय करते थे वह सर्व मान्य होता था।

ऐसा कहते हैं कि पंच परमेश्वर पांच जनों के निर्णय मे परमात्मा का बास होता है इसलिए पांच परिवर्तन हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और सनातन हिंदू धर्म की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। हमारे पूर्वजों ने धर्म के लिए जो बलिदान दिया है गुरु गोविंद सिंह का बलिदान गुरु तेग बहादुर सिंह जी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज हमारे देश के 100 जिले ऐसे हैं या हिंदू अल्पसंख्यक हो गया है यह चिंता का विषय है। इसलिए, हमें संगठित होना है निजी स्वार्थ को छोड़कर राष्ट्र की रक्षा के लिए चिंतन करेंगे तभी अगली पीढ़ी सुरक्षित होगी। इस अवसर पर मंचासीन मां बिजासन के पुजारी बृज बिहारी पंडा, सिख समाज के मंगल सिंह भिंडर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कुंज बिहारी बैरागी ने किया इस अवसर बड़ी संख्या में लोगों उपस्थित रहे, इसके बाद भंडारे का आयोजन किया।

# गौवंश के लिए बनाए गए 41 क्विंटल के औषधि युक्त लड्डू



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

गुड़, घी, सरसों व छह तरह की औषधि से बने 41 क्विंटल के लड्डू तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें सभी शासकीय व निजी गोशालाओं के गाय-बैलों को खिलाया जाएगा। साथ ही शहर में बेसहारा घूम रहे गाय-बैलों को भी यह लड्डू खिलाए जाएंगे। गोसेवक सोनू जैन ने बताया कि चार साल से सर्दियों में गाय-बैलों को यह लड्डू खिलाए जा रहे हैं। इससे गाय-बैलों में सर्दी सहन करने की क्षमता बढ़ जाती है। जनवरी तक यह लड्डू गाय-बैलों को खिलाए जाएंगे। सर्व समाज के सहयोग से गुड़, 15 किलो घी, 60 लीटर सरसों का तेल, छह तरह की औषधि जिसमें सौंठ, मैथी, मुल्हेठी, अजवाइन, आंवला, हल्दी-मैथी व चापर मिलाकर यह 15 क्विंटल लड्डू तैयार किए गए हैं। साथ ही सोनू जैन ने कहा कि लोगों लोगों के सहयोग से पांच क्विंटल लकड़ी भी आई है और तेज सर्दी के दौरान ऐसी जगहों पर जहां गाय-बैलों की संख्या ज्यादा रहती है वहां पर दिए जा चुके हैं। जिन्हें शहर की सरकारी व प्राइवेट गोशालाओं में भिजवाया जाएगा और गाय-बैलों को खिलाएंगे, ताकि उन्हें सर्दी से बचाया जा सके।

## भौंरा गांव में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया



**ईसागढ़।** हनुमानगढ़ खंड के पारसोल मंडल के भौंरा गांव में हिंदू सम्मेलन के आयोजन का समापन हुआ। पिछले 7 दिनों से यहां सिद्ध बाबा की गुफा पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा था। जिसमें सुप्रसिद्ध कथा वाचक धाम वृंदावन कथावाचक दिव्या वशिष्ठ द्वारा सम्पन्न कराई गई, आज कार्यक्रम हवन की पूर्ण आहुति एवं संत समाज का प्रबोधन, भारत माता आरती एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालकदास महाराज तिघरा एवं मुख्य वक्ता शिरोमणि दुबे थे उन्होंने बताया भारत की पुरातन संस्कृति एवं भारत की गौरव गाथा से समाज को अवगत कराया, ब्रम्हकुमारी किरण दीदी थी, उन्होंने मातृशक्ति की समाज में क्या भूमिका होती है उससे अवगत कराया। साथ ही जन समाज को पंच परिवर्तन के बारे में भी बताया। हिंदू समाज से हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# कलेक्टर ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शुक्रवार को सिविल अस्पताल मुंगावली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ए.एन.सी. वार्ड, एस.एन.सी.यू. वार्ड,पी.एन.सी,स्टोर रूम, एन.आर.सी.,पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे रूम में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। सिविल अस्पताल में रोगियों के कल्याण के लिए समय पर हर संभव मदद दी जाए।



# पिपरई नगर में खाद्य अधिकारी का औचक निरीक्षण

**पिपरई।** नगर में खाद्य अधिकारी लीना नायक ने औचक निरीक्षण किया जिसमें उनके साथ पिपरई नायब तहसीलदार घनश्याम शर्मा एवं समस्त स्टाफ निरीक्षण में मौजूद रहे। पिपरई नगर में विभिन्न दुकानों पर सैंपल लिए गए जिसमें विक्की जैन की दुकान से पान मसाला एवं सरसों के तेल के सैंपल लिए और नीरज जैन की दुकान से सुपारी और खाद्य सामग्री आदि का सैंपल लिया एवं बालाजी दूध डेयरी से दो सैंपल लिए जिसमें गाय के दूध का और भैंस के दूध की सैंपल लिए एवं कई अन्य दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया। इसके बारे में खाद्य निरीक्षक अधिकारी से बात की तो उन्होंने बताया कि अभी मेरे द्वारा यह विक्की जैन नीरज जैन और बालाजी दूध डेयरी दुकानों का सैंपल लिया है जिसमें जो भी कार्रवाई होगी वह आगे हम बताएंगे।



## मकर सक्रांति पर गरीबों को कबंल वितरित किए गए

**अशोकनगर।** सर्वोदय जल सेवा सामाजिक समिति अशोकनगर द्वारा मकर सक्रांति के मौके पर दान पर्व के चलते गरीबों को कंबल वितरित किए गए। स्थानीय दुवे कॉलानी स्थित हनुमान मंदिर पर गरीबों को पहले निःशुल्क भोजन कराया गया। इस मौके पर 15 महिलाओं और 50 पुरूषों को कबंल वितरित किए गए जो दीन-हीन, वृद्धजन, दिव्यांग आदि थे उन्हें यह सामग्री प्रदान की गई। इस मौके पर अरूण दुवे, दिलीप नायक, अमोल सिंह पंथ, अमरसिंह रघुवंशी, नीरज रघुवंशी, राजकुमार शिक्षक, उमेश दुवे,रोशन कोहली, अरूण गुप्ता आदि शामिल थे। समिति की ओर से अध्यक्ष कमल सिंह रघुवंशी, सचिव अरूण गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक जैन पत्रकार आदि रहे मौजूद।

**खिलाड़ियों को मिलेगा आईपीएल जैसा मंच**

# अशोकनगर में एमपीटीसीएल सीजन-2 के ट्रायल आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

ग्रामीण खेल प्रचार एवं शिक्षा समिति के तत्वावधान में, स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की स्मृति में आयोजित मध्य प्रदेश की पहली टेनिस क्रिकेट लीग एमपीटीसीएल के सीजन-2 की ट्रायल प्रक्रिया आज अशोकनगर में मुस्कान स्कूल में आयोजित की जा रही है। इस ट्रायल में जिले सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से खिलाडी पहुंचेंगे। विगत 15 जनवरी को ग्वालियर में ट्रायल हो चुका है, अब आज अशोकनगर में आयोजित होगा इसके बाद आगामी ट्रायल कटनी, इंदौर, भोपाल, सागर में आयोजित होंगे।

### प्रतिभाओं का होगा पारदर्शी मूल्यांकन

खिलाड़ियों के उत्साह और कौशल को देखकर चयनकर्ताओं ने भी उनकी सराहना की है। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी गई है और खिलाड़ियों का मूल्यांकन पूरी तरह से उनके खेल प्रदर्शन के आधार पर ही किया जा रहा है। यह प्रदेश की पहली ऐसी टेनिस क्रिकेट लीग है, जिसमें ट्रायल के बाद सफल खिलाड़ियों को ऑक्शन (नीलामी) प्रक्रिया के माध्यम से टीमों द्वारा खरीदा जाएगा। इस लीग का मुख्य उद्देश्य गांव-देहात में छुपी प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें एक बड़ा राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना है।

### पुरस्कारों की होगी बौछार

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के लिए उत्साहजनक इनामी राशि रखी गई है। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 8 लाख रुपये नकद और उपविजेता टीम को 4 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर भी बड़े पुरस्कार रखे गए हैं, जिसमें मैन ऑफ द सीरीज रहने वाले खिलाड़ी को एक बाइक भेंट की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कुए में डूबने से ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम नावनी चक्क साराना निवासी घासीराम पुत्र मन्ना बंजारा की खजरा वाला खेत के कुए में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### बाईक फिसलने से युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम भरका निवासी विशाल पुत्र मुकेश कलावत को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां परिवारजनों ने बताया कि विशाल बाईक से ग्राम शाढ़ौरा गया था, जब वापिस अपने घर लौट रहा था तभी ग्राम अमौदा के समीप उसकी बाईक फिसल गई। इस घटना में उसे चोटें आई हैं, परिवार जनों द्वारा उसका उपचार कराया जा रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत घनश्याम पुत्र सददल सिह प्रजापति उम्र 65 साल निवासी ग्राम सकवारा अपने घर पर था तभी उसे उल्टी व सीने में दर्द की शिकायत हुए जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** 15 जनवरी को थाना ईसागढ द्वारा जेएमएफसी न्यायालय ग्वालियर के प्रकरण क्रमांक 2854/2023 में जारी स्थाई वारंटी विमलेश पति सुरेंद्र सिंह यादव, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम आकलोन, थाना ईसागढ़, जिला अशोकनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय ग्वालियर में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ईसागढ उनि. मीना रघुवंशी, सउनि. ज्ञानलता राठौर, प्रआर मनोज कुमार, आरक्षक रूपेंद्र तोमर, आरक्षक देवेंद्र लोधी एवं महिला आरक्षक प्रीति शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिला अशोकनगर में वर्ष 2026 के लिए संपूर्ण जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए है। जारी आदेशानुसार 22 सितम्बर डोल ग्यारस,19 अक्टूबर महानवमी तथा 11 नवम्बर 2026 भाई दूज को संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। यह अवकाश जिले के कोषालय/उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगें।

### दो बाईकों की भिड़ंत, 1 की मौत, 3 घायल

**अशोकनगर।** अशोकनगर बंगला चैराहा,विदिशा मार्ग पर ग्राम बेलई के समीप 2 विपरीत दिशा से आ रहीं बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में एक बाईक सवार की मौत हो गई जबकि दोनों बाईकों पर बैठे अन्य 3 लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की कहानी यह है कि ईसागढ़ तहसील के ग्राम कोहरवास निवासी सूरज सिंह बंजारा अपने साले चन्दू नायक के साथ देव स्थान पर पूजा करने के लिए खाकलौन गया था वहां से वापिस वह अपने गांव जा रहा था तभी बेलई पर यह घटना हुई। यहां सामने से आ रही बाईक चला रहे ग्राम सिरसी पछार निवासी रामकुमार अहिरवार के साथ शिशुपाल ग्राम भरका से मकर सक्रांति का मेला कर वापिस अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई यहां दोनों बाईक तेज गति में होने के कारण आपस में टकरा गईं। इस घटना में चन्दू नायक निवासी कोहरवास की मौत हो गई।

### रज्जाक खान के निलंबन को बहाल किया

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिह द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरते जाने पर रज्जाक खान निर्वाचक पर्यवेक्षक जिला निर्वाचन कार्यालय अशोकनगर को तत्काल प्रभाव से निंलबित किया गया था। जिसे लेकर खान द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निलंबन से बहाल किए जाने का निवेदन किया गया था जिसके बाद कलेक्टर आदित्य सिंह ने निलंबन से बहाल कर निर्वाचक पर्यवेक्षक के पद पर पुनः पदस्थ किए जाने के आदेश जारी किए हैं तथा निलंबन अवधि को कार्य अवधि मान्य किया गया।

## तीन दिवसीय महोत्सव का भक्ति भाव से समापन

# पालकी यात्रा के बाद विजय मुहूर्त में चढ़ाई सूर्य-चंद्र व 34 यंत्रों वाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शुक्रवार को सुराणा चैराहा स्थित श्री वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर के 14वें ध्वजा महोत्सव के दूसरे दिन मेरु तेरस के पावन अवसर पर पूरा माहौल धर्ममय हो गया। मौका था ध्वजा महोत्सव का। शहर में निकली भव्य पालकी यात्रा में श्रद्धालु झूमते नजर आए, वहीं दोपहर 12:39 बजे विजय मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर मंत्रोच्चार के बीच ध्वजा का आरोहण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, शहर के विभिन्न मार्गों से निकली शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया, नांचते गाते हुए श्रद्धालु इस पालकी यात्रा का हिस्सा बने।

शुक्रवार की सुबह कार्यक्रम के लाभार्थी विमल कुमार, विपुल कुमार, विशाल, काव्यांश कोचेटा परिवार के निवास से ध्वजा यात्रा एवं मंदिर जी से परमात्मा की भव्य पालकी यात्रा (वरघोड़ा) निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकली। इस यात्रा में अशोकनगर के श्रद्धालुओं सहित गुना, पेची, राघौगढ़, ईसागढ़, गंजबासौदा और आसपास के श्रीसंघों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिर में सत्तरभेदी पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात प.पू. साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी म.सा. आदि ठाणा-5 एवं धर्मघोष जी म.सा. के सानिध्य में ठीक दोपहर 12:39 बजे शिखर पर 14वीं ध्वजा चढ़ाई गई। ध्वजारोहण के बाद स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया।

### भक्ति संध्या लक्षित जैन के सुरों ने बांधा समां



कार्यक्रम में राजस्थान के चैमहला से विशेष रूप से आमंत्रित सुप्रसिद्ध संगीतकार लक्षित जैन ने अपने सुरों का जादू बिखेरा। रात को आयोजित भक्ति संध्या में धर्म का उल्लास चरम पर था। संगीतकार लक्षित जैन चैमहला राजस्थान के भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। युवाओं और महिलाओं ने देर रात तक प्रभु भक्ति में नृत्य किया। संगीत और भक्ति का ऐसा संगम देख उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो गया।

### गौतम स्वामी महापूजन

महोत्सव के अंतिम दिन शनिवार को एक विशाल आध्यात्मिक अनुष्ठान होगा। दोपहर 12:39 बजे मनवांछित फल देने वाले श्री गौतम स्वामी महापूजन का आयोजन किया जाएगा। इस महापूजन का लाभ प्रदीप कुमार, विनय कुमार सुराना परिवार ने लिया है। पूजन के पश्चात गौतम प्रसादी का आयोजन होगा। तीन दिवसीय के धार्मिक अनुष्ठान विधिकारक गौरव जैन (चैमहला) द्वारा संपन्न कराए जा रहे हैं। प्रभु की नयनाभिराम आंगी सज्जा भोलाराम शर्मा (उज्जैन) और रंगोली के.बी. पाण्डया (उज्जैन) द्वारा की गई है।

## फल व्यापारी ने दुकान में फांसी लगाकर की खुदकुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय गौशाला रोड़ स्थित सब्जी मंडी में फल का व्यवसाय करने वाले महावीर जैन उर्फ चन्दू उम्र 45 साल ने अपनी ही दुकान में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। महावीर जैन पिछले दो दिनों से अपने घर से लापता चल रहा था, वह घर से बाईक लेकर आया था और दुकान से कुछ दूरी पर बाईक खड़ी कर दी थी। बाद में दुकान अंदर से बंद की और फांसी लगा ली। दो दिनों से दुकान बंद थी बाहर से ताला खुला हुआ था। जब परिवार जनों ने महावीर जैन के लापता होने की जानकारी दी तब पुलिस ने मृतक के मोबाइल नंबर को ट्रेस किया तब मोबाइल की लोकेशन दुकान के आस पास होना पाई गई। परिवारजनों की उपस्थिति में दुकान की सटर को खोला गया। तब महावीर जैन फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने युवक के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। इस दौरान उसका शरीर फूल गया था, नाक भी चूहों ने कुतर दी थी, आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अनुपस्थित पटवारी अरूणा कलावत के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई

**अशोकनगर।** कलेक्टर द्वारा 14 जनवरी को तहसील शाढौरा अंतर्गत ग्राम झीला का भ्रमण किया गया था। भ्रमण के दौरान पटवारी ग्राम अरूणा कलावत अपने हल्का मुख्यालय पर उपस्थित नहीं थी एवं सूचना प्राप्त होने के उपरांत भी वह ग्राम में कलेक्टर के समक्ष उपस्थित नहीं हुई। मौकों पर उपस्थित ग्रामीणजनों द्वारा अवगत कराया कि पटवारी अरूणा कलावत ग्राम में उपस्थित नहीं होती हैं। जिससे कृषकों की समस्याओं का समाधान समय-सीमा में नहीं हो पा रहा है। ग्राम के कृषकों को अपने कार्य हेतु अनावश्यक परेशान होना पड़ता है। उनका उक्त कृत्य मुख्यालय पर उपस्थित न होना, वरिष्ठ के आदेशों की अवहेलना एवं समय-सीमा में बार-बार निर्देशों के उपरांत भी अपने हल्का क्षेत्र में भ्रमण न करना एवं उनके विरूद्ध लगातार शिकायतें प्राप्त होने से तथा शासकीय कार्य में घोर लापरवाही एवं संनिष्ठिता का उल्लंघन करना गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिसे लेकर यह निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय अशोकनगर रहेगा। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी,यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने रिक्त पदों को पोर्टल पर अपडेट करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष भीम सिंह यादव जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर सिसौदिया को एक ज्ञापन सौंपा था जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जितने रिक्त पदों की सूची थी उनको तुरंत अपने सूचना पटल पर चस्पा करने के निर्देश दिए, लेकिन सूची देखने में पाया कि जो नबीन सीएसी,बीएसी से रिक्त पद हुए वह और जो रिटायर शिक्षकों से रिक्त पद हुए थे वह सूची में नहीं थे। जिससे जिलाध्यक्ष ने सभी रिक्त पदों के अपडेट होने तक काउंसलिंग स्थगित करने का अनुरोध किया है।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादब ने बताया कि जो सीएसी,बीएसी पांच वर्ष की अवधि पूरी कर चुके थे ,उन्हें 31/10/25 को सीएसी,बीएसी हटाकर मिशन से मूल शिक्षा विभाग में बापिस कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्कूलों में पद्मांकन हेतु संलग्न किया गया था ,लेकिन आज दो माह 16 दिन पूरे हो चुके, शिक्षकों के स्कूलों में पद्मांकन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी। लम्बे इंतजार के बाद आज पद्मांकन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में काउंसलिंग आयोजित की गई थी ,लेकिन शिक्षकों का कहना था कि जिले के समस्त रिक्त पद 3.0 पर अपडेट नहीं हैं और न ही जिले के रिक्त पदों की सूची उन्हें दिखाई जा रही है। अभी जो नबीन सीएसी,बीएसी बनने से रिक्त पद हुए वह और जो अभी 6 माह के अंदर रिटायर हुए शिक्षकों के पद दोनों ही 3.0 पोर्टल पर रिक्त नहीं दिख रहें हैं। जिससे शिक्षकों को चॉइस फाइलिंग में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों ने इस समस्या से आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा। जिसमें मांग की है कि जिले के समस्त रिक्त पदों को 3.0 पर रिक्त दिखाया जाए एवं जो रिक्त पद है उनकी सूची सूचना पटल पर चस्पा की जावे। जो पद सीएसी,बीएसी की नबीन काउंसलिंग से रिक्त हुए उनको 3.0 पर जब तक अपडेट न किया जावे तब तक काउंसलिंग स्थगित की जाए। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने शिक्षकों के आवेदन को अपने लैटर पैड के साथ संलग्न कर एक पत्र जिला शिक्षा अधिकारी को दिया और मिलकर अनुरोध किया। ,यही कार्य राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शर्मा ने भी किया शिक्षकों ने राज्य कर्मचारी संघ को भी आवेदन दिया तो ,राज्य कर्मचारी संघ ने भी अपने लैटर पैड एक पत्र जिला शिक्षा अधिकारी के नाम दिया है। दोनों जिलाध्यक्ष जब, जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसौदिया जी से मिले तो उन्होंने कहा कि दोनों कर्मचारी नेता मेरे साथ जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास चलें। सीईओ के सामने आपका यह पक्ष रख देते है। जिला शिक्षा अधिकारी ने उक्त मांगों की ओर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन आज से

**अशोकनगर।** जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 17 जनवरी 2026 से संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में जूनियर आयु वर्ग में 28 खेलों की लोकप्रियता को दृष्टिगत रखते हुए खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन मध्यप्रदेश में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तर पर 21 खेल एवं सात खेलों का आयोजन सीधे राज्य स्तर पर किया जा रहा है। ब्लॉक एवं जिला स्तर पर 21 खेल एवं सात खेलो, तायक्वोंडो, तलवारबाजी, रोइंग, क्याकिंग, शूटिंग, तीरंदाजी, थ्रोबॉल का आयोजन राज्य स्तर पर किया जावेगा। समस्त खेलों का आयोजन निर्धारित आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग में किया जा रहा है। राज्य स्तर दलीय एवं व्यक्तिगत खेल के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को प्रथम पुरस्कार 31000 द्वितीय पुरस्कार 21000 तृतीय पुरस्कार 11000 एवं चतुर्थ पुरस्कार 7000 से पुरस्कृत किया जाएगा।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी लक्ष्यों को लेकर अधिकारी विशेष ध्यान दे और लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास(ग्रामीण), एक बगिया मां के नाम की जनपदवार प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने श्मशान घाट,शांतिधाम के निर्माण के संबंध में समस्त सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया। उन्होंने चयनित वृंदावन ग्रामों की कार्ययोजना तैयार कर कार्य कराये जाने,ग्रामीण नलजल योजनांतर्गत हस्तांतरण संचालन एवं संधारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि पेयजल की सुरक्षा एवं सावधानी पर विशेष ध्यान दिया जाएं इसकी रिपोर्ट 07 दिवस में उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जलसंवर्धन के अंतर्गत जल संरचनाओं के संरक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने आजीविका सृंजन की गतिविधियों के तहत स्व सहायता समूहों को और अधिक प्रभावी बनाये जाने तथा वित्तीय संस्थानों से जोडे जाने के संबंध में निर्देशित किया।उन्होंने अनुसूचित जनजाति छात्रावासों के संचालक,पोस्ट मौट्रिक छात्रवृति,आत्याचार निवारण के प्रकरणों में भुगतान की स्थिति के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

### संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शासन के निर्देशानुसार जनपद एवं निकायवार, विभागीय आवेदनों को प्राप्त कर निर्धारित पोर्टल पर एंट्री की जाएं। योजनांतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों से आवेदन लिये जाएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं राजेश जैन, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाजीदपुर गांव की पुलिया से वन अमले ने 14 फीट लंबे और 70 किलो वजनी अजगर का रेस्क्यू किया

**अशोकनगर।** बाजीदपुर गांव में पुलिया के समीप एक 14 फुट लंबा अजगर पाया गया है जिसका वजन 70 किलो है। इस अजगर के मिलने के बाद गांव के लोगों ने वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू कर अजगर को बोरे में भरकर वन विभाग की टीम जंगल में ले गई। इस दौरान वन विभाग के अमले ने स्नैक कैचर हिमांशु जैन, प्रदीप कुशवाह मौके पर पहुंचे, जिसके बाद अन्दर छिपे अजगर को



बाहर निकाला गया और 5 लोगों की मदद के बाद इस अजगर को वन विभाग की टीम एक बोरे में भरकर जंगली क्षेत्र में छोड़ने के लिए ले गई। यह अजगर यहां कहां से आया और कब से छिपा था इसका पता नही हैं लेकिन इस विशाल आकार के अजगर को देखकर स्नैक कैचर हिमांशु जैन का कहना है कि यह छोटे जानवरों को अपना निशाना बनाता है यह खासतौर से सर्दियों के मौसम में जहां ठण्डक और पानी भरा रहता है वहां पर अपना ठिकाना बना लेते हैं।

## एक रात में 13 स्थान पर हुई चोरियों का खुलासा

# जननी वाहन का चालक रेकी कर बुलाता था पारदीयों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



चोरी के मामले में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है जिसमें 108 जननी वाहन का चालक रेकी कर बाहर से पारदियों को बुलाता था और अपने वाहन से चोरी की बारदात कराता था। पिछले दिनों ईदौर में एक रात में 13 स्थान पर हुई चोरियों के खुलासे से यह मामला सामने आया है।

इसी क्रम में विगत दिनों 23 और 24 दिसंबर की दरमियानी रात हुई प्लेटिना मोटरसाइकल चोरी एवं 24 एवं 25 दिसंबर की दरम्यानी रात हुई तीन घरों में श्यामलाल साहु निवासीगण ग्राम ईदौर के घरों में हुई चोरीयों का थाना कदवाया पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपी से जप्त किया चोरी का माल बरामद कर जेल भेजने की कार्यवाहीकी गई है। 25 दिसंबर को फरियादी श्यामलाल साहु ने अपने एवं पहलवान रजक और रविन्द्र यादव के घरो में हुई चोरी की रिपोर्ट की थी जिसमें सोने एवं चांदी के आभूषण एवं कुछ नगर पैसे चोरी हुए थे जिस पर से थाना कदवाया में अप.क्र. 155/25 धारा 331 (4), 305ए बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया था एवं फरियादी अमित यादव ने दिनांक 23-24.12.2025 की दरमियानी रात में चोरी हुई प्लेटिना मोटरसाइकल की रिपोर्ट पर से थाना कदवाया में अप.क्र. 159/25 धारा 303(2) बीएनएस का कायम किया गया था।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेकर थाना कदवाया की टीम गठित की गई। जिसमें मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि छोटी मोचार का वीरेन्द्र परिहार ईदौर बाली चोरीयों में शामिल हो सकता है। उक्त सूचना की तस्दीक के लिये छोटी मोचार पहुंच कर वीरेन्द्र परिहार को पकडा और उससे पूछताछ की गयी तो उसने चैकाने बाले खुलासे किये। जिसके अनुसार वह काफी समय से 108 जननी वाहन चला रहा है पूर्व में वह गुना जिले में 108 वाहन चलाया करता था जहां पर बीलाखेडी के मुरारी उर्फ राम पारदी के संपर्क में आ गया था तब से लगातार उससे बात होती रहती थी। 21 दिसंबर को मुरारी उर्फ राम पारदी अपनी रिस्तेदारी में शिवपुरी में जा रहा था तो उसने वीरेन्द्र को मिलने के लिये पूरनखेडी टोल के पास बुलाया था जहां पर दोनों के बीच चोरी को लेकर बात हुई थी उसके बाद 23 दिसंबर को मुरारी पारदी वीरेन्द्र के पास खनियाधाना में आया फिर बहां से उन लोगों ने 108 वाहन का एक फर्जी ईवेंट लिया और एम्बुलेंस से मुरारी एवं उसके दोनों साथीयों को लेकर ईदौर गांव आ गया। जहां पर उसने चोरी करने बाले घरों की रेकी करायी और वापस जाते समय रास्ते में एक प्लेटिना मोटरसाइकल चोरी कर ली थी, जिससे मुरारी एवं उसके साथी गुना तरफ चले गये और वीरेन्द्र अपनी 108 को लेकर चला गया। फिर 24 दिसंबर को मुरारी उर्फ राम पारदी अपने साथीयों के साथ वीरेन्द्र को मिला और वीरेन्द्र ने अपनी 108 से तीनों को ईदौर गांव के बाहर छोडा उसके बाद उन तीनों ने गांव में चोरी कर हिस्से में 108 के ड्राईवर वीरेन्द्र को चांदी की पायल एवं दो चांदी के सिक्के दिये एवं शेष हिस्से की रकम 27 दिसंबर को फोन पे के माध्यम से उसके खाते में भेजी। आरोपी वीरेन्द्र परिहार से हिस्से में मिला मशरूका जब्त किया है।

## कलेक्टर ने तहसील मुख्यालय मुंगावली के छात्रावासों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय स्थित मुंगावली के भ्रमण के दौरान शासकीय बालक उत्कृष्ट, विमुक्त जाति बालक, अनुसूचित जाति बालक सीनियर, अनुसूचित जाति कन्या उत्कृष्ट छात्रावास, अनुसूचित जाति कन्या सीनियर, अनुसूचित जाति कन्या जूनियर छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। साथ ही उन्होंने छात्रावास अधीक्षकों को निर्देशित किया कि ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खिड़कियों,दरवाजों की मरम्मत कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावास में बच्चों को पढने के लिए लाइब्रेरी की सुविधा मिले यह सुनिश्चित किया जाए। छात्रावासों में पर्याप्त लाइटिंग,रंगाई पुताई, फर्नीचर एवं शौचालयों की साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश अधीक्षकों को दिए।

**छात्रावास अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित करने के दिए निर्देश** कलेक्टर आदित्य सिंह ने भ्रमण के दौरान शासकीय बालक उत्कृष्ट छात्रावास में अधीक्षक रामकुमार रघुवंशी द्वारा छात्रावास में उत्कृष्ट कार्य करने पर 26 जनवरी पर सम्मानित कराए जाने के निर्देश दिए ।

**मुंगावली जेल तालाब का किया निरीक्षण** भ्रमण के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जेल तालाब का भ्रमण किया।उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाब के पास खाली पडी जगह पर हॉकर्स जोन बनाया जाए । साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि तालाब पर पर्याप्त लाइटिंग,बैठने की पर्याप्त व्यवस्था,साफ-सफाई एवं पेड़-पौधे लगाए जाएं। उन्होंने तालाब के सौंदर्यकरण की रूपरेखा तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए।

**शासकीय आई.टी.आई. मुंगावली का किया निरीक्षण** भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने शासकीय आई.टी.आई.मुंगावली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी को देखा तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए।साथ ही उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारी को मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए गए।

सीएमएचओ के कक्ष में भाई के साथ जाकर शासकीय कार्य में बाधा का है आरोप

# अधिकारी को आंख दिखाने वाला लिपिक निलंबित, एफआईआर दर्ज

## बिना अनुमति सरकारी कम्प्यूटर व प्रिंटर घर ले जाने की मंशा पर भी लगे सवालिया निशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 बाबू ऋषि विजयवर्गीय एवं उसके भाई राहुल पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज हुआ है। साथ ही लगातार गलतियों को देखते हुए जिला कलेक्टर ने भी लिपिक का निलंबन आदेश जारी किया। जहां तक सवाल है विवादों को तो ऋषि का पुराना नाता रहा है। पिछले दिनों ही कार्यालयीन समय में सहकर्मियों को खुलेआम गालियां देना व सीएमएचओ ऑफिस की ही महिला कर्मचारी के साथ गंदी हरकत करने जैसी बात उजागर होने पर भी शर्मिन्दा न होने वाले बाबू की ठसक इतनी बढ़ गई की वह विभाग के जिला अधिकारी सीएमएचओ से जा भिड़े। इस बार मामला किसी निजी अस्पताल की जांच से संबंधित था। जिस पर पर बाबू व उसके भाई ने सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल के कक्ष में जाकर अत्यंत आपत्तिजनक, असंयमित एवं अमर्यादित व्यवहार किया व शासकीय कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप किया गया। जिस पर राजगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### लिपिक का विवादों से है पुराना नाता

सहायक ग्रेड 3 लिपिक ऋषि विजयवर्गीय पूर्व में भी विवादित रहे हैं जिसके चलते पूर्व कलेक्टर नीरज सिंह ने भी इनको सीएमएचओ ऑफिस से हटाने की कार्रवाई की थी। अभी हाल ही में भी वर्तमान कलेक्टर डा गिरीश मिश्रा ने भी एक मामले में ऋषि की जांच के आदेश दिए थे परंतु वह रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो पाई परंतु सूत्र बताते है कि उसमें भी दोषी पाए गए है।

### सरकारी कंप्यूटर और प्रिंटर घर ले जाने से डाटा चोरी का संदेह

पिछले कई दिनों से विवादों में उलझे लिपिक ऋषि विजयवर्गीय ने अपने काले कारनामें छुपाने के चलते 8 जनवरी को सीएमएचओ ऑफिस से सरकारी कंप्यूटर व प्रिंटर बिना किसी अनुमति के अपने घर ले गए। जिसे उन्होंने विभाग को अभी तक भी वापस नहीं किया है। सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल ने बताया कि जल्दी ही कंप्यूटर एवं प्रिंटर वापस लेने की कार्रवाई की जाएगी।


सीएमएचओ ऑफिस के बाबू के मनचलेपन से परेशान है महिला कर्मचारी
बेटी को परेशान करने पर पिता ने सीएमएचओ से लगाई गुहार

# स्कूल बस हादसा: ड्राइवर सहित स्कूल संचालक पर भी की गई एफआईआर

## गत दिवस हुई दुर्घटना में 9 छात्र-छात्राएं हुए थे घायल


हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गत दिवस जिले के खिलचीपुर नगर में हुए स्कूल बस हादसे में 9 छात्र-छात्राएं घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने उस समय सिर्फ बस के चालक पर एफआईआर दर्ज करते हुए बस को जब्ती में लिया था। प्रकरण की विवेचना में उक्त स्कूल बस के दस्तावेज अपूर्ण पाए जाने पर अब स्कूल संचालक व प्रचार्य पर भी विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

### क्या था पूरा मामला

गत 13 जनवरी को खिलचीपुर एसडीएम कार्यालय के सामने सरदार पटेल एकेडमी की खटारा बस सामने खड़े टैक्टर से पीछे से जा भिड़ी थी। दुर्घटना में 09 बच्चे घायल हुए थे जिन्हें स्थानीय लोगों ने तुरंत ईलाज के लिए अस्पताल भिजवाया था। पुलिस ने उस समय सिर्फ बस के चालक रतन पिता मदनलाल दांगी निवासी हिनोतिया पर प्रकरण दर्ज कर बस को जब्ती में लिया था।

थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने बताया कि मामले की विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त स्कूल बस का कोई वैध परमिट साथ ही फिटनेस नहीं थी। यह पूरी तरह




से स्कूल प्रबंधन की लापरवाही को इंगित करता है। ऐसे में अब उक्त दुर्घटना में स्कूल संचालक एवं प्राचार्य शिवचरण दांगी की भी लापरवाही मानते हुए अब उन पर भी विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। संचालक दांगी पर धारा 66/192(1) एवं 55/192(2) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। उल्लेखनीय है कि जिले के विभिन्न निजी स्कूलों में बगैर निर्धारित दस्तावेजों के स्कूल बसों का संचालन हो रहा है। बच्चों की जान के साथ सीधे-सीधे हो रहे इस खिलवाड़ पर अब पुलिस एवं प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है।

## सरसों से भरा ट्रक लापता, व्यापारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

सारंगपुर। कृषि उपज मंडी सारंगपुर से दिल्ली के लिए भेजी गई सरसों की बड़ी खेप लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में व्यापारी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट के अनुसार फरियादी कृषि उपज मंडी सारंगपुर में गल्ले का थोक व्यापार करता है। दिनांक 8 जनवरी 2026 को उसने अपने सहयोगी व्यापारी मोहन सिंह सोलंकी के साथ मिलकर कुल 230 क्विंटल सरसों, जिसकी कीमत लगभग 380 रुपये प्रति क्विंटल बताई गई है, ट्रक में भरवाकर खंडेलवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी, नलखेड़ा के माध्यम से दिल्ली भेजी थी। बताया गया कि उक्त ट्रक को चालक देवराज गुर्जर, निवासी टेवली (राजस्थान) द्वारा दिल्ली ले जाया जाना था और ट्रक के 11 जनवरी 2026 तक दिल्ली पहुंचने की जानकारी दी गई थी। लेकिन निर्धारित तिथि तक सरसों की खेप व्यापारी के पास नहीं पहुंची। इसके बाद चालक से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उसने फोन नहीं उठाया और बाद में मोबाइल बंद कर लिया। फरियादी के अनुसार, चालक द्वारा सरसों की खेप को कहीं और बेचकर अमानत में खयानत किए जाने की आशंका है।

# जमीन बंटवारा मामले में रिश्वत मांग रहा था पटवारी, सस्पेंड


पटवारी पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप
किसान ने क्षेत्रीय विधायक और एसडीएम से लगाई गुहार

राजगढ़। जमीन बंटवारे के एक मामले में फरियादी से रिश्वत की मांग करने वाले खिलचीपुर क्षेत्र के पटवारी देवेंद्र मीणा को प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबित पटवारी द्वारा भूमि बंटवारे के मामले में कई दिनों से फरियादी को परेशान करते हुए काम के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी। प्रशासन के संज्ञान में आने पर मामले की जांच उपरान्त पटवारी को सस्पेंड करने की कार्यवाही हुई है।

### यह था पूरा मामला

खिलचीपुर तहसील के भोजपुर अंतर्गत ग्राम तलावड़ा निवासी मोहनलाल तंवर ने अपनी भूमि सर्वे क्रमांक-3 कुल 16 किता, कुल रकबा 5.891 हेक्टेयर भूमि के बटवारे के संबंध में न्यायालय, नायब तहसीलदार भोजपुर में बटवारा प्रकरण क्रमांक प्रस्तुत किया। इस प्रकरण में पटवारी देवेंद्र मीणा द्वारा फर्द बटवारा हेतु राशि की मांग की जाने की शिकायत मय शपथ-पत्र प्रस्तुत की गई। मामले की जांच के दौरान शिकायतकर्ता मोहनलाल एवं अन्य साक्षी कंवरलाल, दारासिंह के कथन लिए गए। जांच में प्रथम दृष्टया पटवारी मीणा द्वारा प्रकरण में रिपोर्ट पेश नही किया जाना एवं आवेदक को अनावश्यक परेशान करना सामने आया। इस पर पटवारी मीणा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर उनका मुख्यालय एसडीएम कार्यालय खिलचीपुर नियत किया गया है। नायब तहसीलदार भोजपुर को नोटिस जारी कर जवाब लेने की कार्रवाई की जा रही है।

मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया खिलचीपुर व जीरापुर के अटल सुशासन भवन का भूमि पूजन

# मंत्री बोले - राशि मांगने की आवश्यकता नहीं है विधायक जी




खिलचीपुर। खिलचीपुर के मेला ग्राउंड में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार , सांसद रोडमल नागर सहित अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत खिलचीपुर एवं जीरापुर) के निर्माण-कार्य का भूमि पूजन करने करीबन 4 बजे पहुंचे जिनका फूल माला एवं ढोल नगाड़ों से विधायक हजारीलाल दांगी के नेतृत्व में स्थानीय सरपंचगणो, सचिव गणो ने स्वागत किया। भूमि पूजन पूजा अर्चना कर की। मंत्री प्रहलाद पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा मोदी जी ने ग्रामीण अंचल के विकास की अनेकों विकासशील योजनाएं पक्की सड़क ,आवास, सुदूर सड़क, खेत तालाब, वाटर सेट , सामुदायिक भवन निर्माण आदि चला रखी है। जिससे गांव का विकास हो रहा है अब शहर के लोग रहने के लिए गांव में बस रहे हैं। केंद्र ओर राज्य क ई विकासशील योजनाएं हैं जिसका लाभ लेकर लोक समृद्ध हो रहे हैं। हालांकि कुछ कमियां भी है जिन्हें सुधारने हेतु मोदी ने जी राम जी योजना में सुधार किया है।

जी राम जी योजना में कुशल श्रमिक, अकुशल श्रमिक, अर्ध कुशल श्रमिकों अर्थात सभी वर्ग के महिला पुरुषों को लाभ मिलेगा। वही अब 100 दिनों के रोजगार के वजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा। प्रहलाद पटेल बोले मरघट, शमशान, के सौंदर्य करण तथा शमशान जाने के रास्ते पक्की सड़कों में बदलेंगे इनके विकास में भरपूर राशि दी जाएगी वहीं शमशान की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। वर्ष 2027 तक गांव-गांव के शमशान का सौंदरीकरण व रोड बनवाया जाएगा। वहीं विधायक हजारीलाल दांगी को फटकार लगाते हुए कहा कि हमारी सरकार गांव के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं में समय-समय पर राशि उपलब्ध करा रही है। राशि मांगने की आवश्यकता नहीं हमें सब पता है कहां कितनी राशि व कार्य देने है। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष राम जानकी मालाकार, जनपद अध्यक्ष सीमा नैनावत, सरपंच गण एवं भाजपा कार्यकर्ता गण सहित कलेक्टर गिरीश भंडारी, जिलापंचायत सीईओ, जनपद सीईओ सहित कई विभाग के जिला पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# निरीक्षण में लापरवाही पर एसडीएम की सख्त कार्रवाई

## एक पटवारी को किया निलंबित, 2 का वेतन काटा



सारंगपुर। गुरुवार को एसडीएम रोहित बम्होरे द्वारा सारंगपुर तहसील के ग्राम नैनवाड़ा धनोरा तथा पचोर तहसील के ग्राम सराली मे ओचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान राजस्व अमले की लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान ग्राम नेनवाड़ा में पदस्थ पटवारी आरती चौहान ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाई गईं। इस गंभीर लापरवाही को प्रशासनिक अनुशासनहीनता मानते हुए एसडीएम रोहित बम्होरे ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित करने के आदेश जारी किए। इसी क्रम में ग्राम धनोरा एवं पचोर तहसील के गांव सराली में निरीक्षण के दौरान वहां पदस्थ पटवारी मनीष पाटीदार एवं गोवर्धन नागर भी अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए गए। इस पर एसडीएम द्वारा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंडावर, हरलाय, भैंसानी, जोगीपुरा गांवों का मामला

# सिंचाई परियोजनों से वंचित गांवों के ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के लाभ से वंचित रहे नरसिंहगढ़ क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के कई किसानों में खासा रोष व्याप्त है। ऐसे में मंडावर, हरलाय, भैंसानी, जोगीपुरा गांव के कई ग्रामीण शुक्रवार को जनपद सदस्य मनोज सक्सेना के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे रखी। इसके साथ ही चेतावनी भी दी गई यदि किसानों को उनके हक से वंचित रखा गया तो वे आगामी दिनों में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

किसानों का आरोप है कि पहले उन्हें कुंवर चैन सागर परियोजना के लाभ से उनके गांवों को वंचित रखा गया था। इसके बाद उम्मीद थी कि मोहनपुरा परियोजना या पार्वती रेसई सिंचाई परियोजना में उन्हें सम्मिलित किया जाएगा लेकिन उक्त गांवों को दोनों ही बड़ी सिंचाई परियोजनाओं की सूची से बाहर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर पक्षपात और अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि मंडावर क्षेत्र के किसान खेती पर ही निर्भर हैं। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे इस मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर तकनीकी पहलुओं एवं दृष्टिकोण से जांच कराएंगे ताकि पात्र किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके।



### नाम न जुड़ने तक जारी रहेगा संघर्ष

आक्रोषित लहजे में कलेक्टोरेट पहुंचे मंडावर क्षेत्र के किसानो के कहा कि उनके साथ हो रहायह सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले एक परियोजना से नाम हटाया गया और अब बाकी दोनों परियोजनाओं से भी बाहर कर दिया गया है। जब तक हर खेत तक पानी नहीं पहुँचता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

# संकल्प से समाधान अभियान का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 7 स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यममंत्री डॉ गौतम टेटवाल द्वारा मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुभारंभ किया गया।

उक्त अभियान अन्तर्गत प्रथम चरण में नगरीय क्षेत्र के वार्डों के लिए दल गठित किए गए हैं। जिसमें नोडल अधिकारी, वार्ड प्रभारी व अन्य कर्मचारी शामिल किये गये हैं। वार्ड स्तर पर शिकायतें एवं आवेदन संग्रह कर पोर्टल पर दर्ज कराएंगे। उक्तानुसार नगरीय क्षेत्र में संकल्प से समाधान अभियान में विभिन्न सेवाओं का आवेदन एकत्र करेंगे और उसका निराकरण करेंगे। इसमें सामाजिक न्याय विभाग, वित्त, राजस्व , नगरीय विकास एवं आवास, जनजातीय कार्य, कृषि, एमपीईबी सहित अन्य विभागों की सेवाएं सम्मिलित हैं। यह अभियान तीन चरणों में 31 मार्च तक चलेगा। पहले चरण में आवेदन लेंगे। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण के साथ तीसरे में हितलाभ हेतु पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाना है। उन्होने यह भी कहा कि इस अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बरती नहीं बरतें। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे पार्षद गोपाल पाल, राकेश पुष्पद, अमित गिरजे नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा पार्षद प्रतिनिधि बाबुलाल अहिरवार, कुलदीप राठौर सहित निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगर की समस्त सुंदरकांड समितियों ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया



जीरापुर। नगर में हिंदू सम्मेलन को लेकर प्रतिदिन धार्मिक आयोजन का सिलसिला जारी है जिसमें प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से निकालीं जा रही जिसमें युवा वर्ग सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होकर भगवान के संकीर्तन करते निकलते हैं। इसी कड़ी में बुधवार की रात्रि में सिदेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर के सामने नगर की समस्त सुंदरकांड समितियों द्वारा एकरूपता,सामाजिक समरसता, धार्मिकता से परिपूर्ण होकर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जहां पर सुंदरकाण्ड के माध्यम से सबके मंगलमय जीवन के साथ सब सुखी रहें समग्र हिन्दू समाज एकता का परिचायक बनकर पारस्परिक सौहार्द से रहें। इस पुनीत अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्यों द्वारा विभिन्न झांकी सजाई तथा हनुमानजी का विशाल घोंटा सुंदरकांड स्थल पर रखा गया था जो श्रद्धालु भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर सुंदरकांड शोभायमान हो रहा था। इस दौरान आरती श्री बजरंग नवयुवक समिति के संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा ने की तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तहसील प्रचारक दीपक साहू ने सुंदरकांड की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा कि 19 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन में सभी भक्त शामिल होकर आगुंतक अतिथियों के अमृत वचनों का लाभ ले।

हाथी, घोड़े, झांकियों के साथ निकाली कलश यात्रा में लोग शामिल हुए

# 'जय श्री राम' उद्‌घोष के साथ सम्मेलन में उमड़ा हिंदू समाज

- स्टेडियम में संतो के मुखारविंद से निकली सनातन की अविरल धारा
- अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का हुआ भव्य स्वागत, अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजगढ़ नगर में आयोजित होने विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए बीते करीब एक महीने से की जा रही तैयारियों ने शुक्रवार को सार्थक रूप ले लिया। पूरा शहर भगवामय होकर राम भक्ति और सनातन की अविरल धारा में बहता नजर आया। स्टेडियम में आयोजित हुए हिन्दू सम्मेलन के पूर्व स्थानीय नगर में एक भव्यतम कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में मातृ-शक्तियां एवं सकल हिन्दू समाज ने सम्मिलित होकर इस यात्रा को एतिहासिक बना दिया। निर्धारित समय पर गाजे-बाजे, ढोल-ढमाकों, विभिन्न झांकियों के साथ गज पर सवार संतो के साथ स्थानीय राजमहल से आरंभ हुई शोभायात्रा नगर के तुल्ली चैक, मेन रोड, पारायण चैक, जयस्तंभ चौक, बिरसा मुंडा चैराहा, बाईपास होते हुए खिलचीपुर नाका पहुंची। खिलचीपुर नाके पर खुजनेर रोड तरफ से आई शिव-बारात में सम्मिलित भगवान शिव एवं पार्वती का विवाह संपन्न करवाया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोग इस अप्रतिम एवं एतिहासिक पल के साक्षी बने।

### स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

कलश यात्रा का नगर में अनेकों स्थानों पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रतिष्ठान संचालकों सहित अन्य द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए भावभीना स्वागत, अभिनंदन किया गया। यात्रा में शामिल स्वयंसेवक सहित अन्य हजारों लोग जय श्रीराम के उद्धघोष लगाते हुए सनातन की गंगा में बहते हुए साथ चल रहे थे।

### घर-घर बांटे आमंत्रण-पत्र रात्रि में भव्य आतिशबाजी

इस एतिहासिक हिन्दू सम्मेलन के लिए सेवाभावी स्वयंसेवकों द्वारा बीते कई दिनों से युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही थीं। नगर के प्रत्येक घर में जहां आमंत्रण-पत्रों का वितरण करवाया गया था वहीं हर गली-मोहल्लों में प्रभात फेरियां निकाली जा रही थीं। हिन्दू सम्मेलन के पूर्व गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि नगर के अनेकों स्थानों, कॉलोनी, मोहल्लों में सनातनियों ने झिलमिलाती आतिशबाजी भी की।





### स्टेडियम में विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुतियां

शोभायात्रा के स्टेडियम परिसर पहुंचने पर मंच पर विभिन्न स्कूलों के नौनिहालों सहित अन्य बच्चों एवं प्रतिभाओं द्वारा कई तरह की धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। लोग इन प्रस्तुतियों को देखकर देखकर हतप्रद रह गए। हवनादि कार्यक्रमों के उपरान्त प्रख्यात संत श्री उत्तम स्वामीजी महाराज सहित अन्य संतो के आर्शिवचन सनातनियों को प्राप्त हुए। दोपहर से शाम तक चले आयोजन उपरान्त आयोजन में सम्मिलित सभी जनों के लिए समरसता भोज का आयोजन करवाया गया।